# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ शुरू, 1100 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



गोलमुरी न्यू केबुल टाउन में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की उमड़ी। • हिन्दुस्तान

**गोलमुरी**

- बनारस से आए आचार्य करा रहे हैं यज्ञ ,उत्साह का माहौल
- प्रतिदिन भजन-कीर्तन और प्रवचन का आयोजन होगा

**जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता।** गोलमुरी न्यू केबुल टाउन में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की शुरुआत गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। ओल्ड केबुल टाउन स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से सुबह 9 बजे निकली इस यात्रा में 1100 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं।

गाजे-बाजे, भक्ति संगीत और जयकारों के बीच निकली यात्रा श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रही। यात्रा में महिलाएं, बच्चे और युवा नाचते-झूमते हुए न्यू केबुल टाउन मैदान पहुंचे। रास्ते में टैंकर से जल छिड़काव कर वातावरण को पवित्र बनाया गया। इस दौरान संत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। आयोजन स्थल पर पंचकुंडीय यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किए गए। बनारस से आए आचार्यों ने यज्ञ की तैयारी पूरी की। शुक्रवार से पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और हवन कार्यक्रम शुरू होंगे। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन और प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडाल, सुरक्षा और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल है। कलश यात्रा में बिपिन झा, बिट्टू तिवारी, राजेश सिंह, शैलेश पांडेय, हरेराम यादव, राकेश सिंह, लालबाबू यादव, सोनू चौधरी, पप्पू यादव, गोपाल सिंह, प्रेम झा, सन्नी सिंह चौहान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**शहर 30s**



महादानवीर भामाशाह की 480 वीं जयंती समारोह में मौजूद समाज के लोग।

## तैलिक साहू महासभा ने बांटे जल व शर्बत

**जमशेदपुर।** तैलिक साहू महासभा की जिला कमेटी की ओर से गुरुवार को महा दानवीर भामाशाह की जयंती को स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया गया। साकची भामाशाह चौक (एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर) पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को पुन: दोहराया। इस दौरान दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों लोगों के बीच शीतल जल, शर्बत, जलेबी एवं पानी बोतल का वितरण किया गया।

## मुकाबले को लेकर जेएफसी ने कसी कमर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने 25 अप्रैल को होने वाले अहम घरेलू मुकाबले से पहले तैयारियां तेज कर दी हैं। टीम का सामना चेन्नई एफसी से शाम 7.30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। लीग के निर्णायक चरण में पहुंचते ही जमशेदपुर एफसी अपने घरेलू मैचों पर पूरा फोकस कर रही है। मुख्य कोच ओवन कोयल ने कहा कि इस मुकाबले में जीत बेहद जरूरी है और टीम को अपने मौकों को भुनाना होगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आक्रामक और संतुलित खेल दिखाने पर जोर दिया। कम मैच बचे होने के कारण हर अंक अहम है।

## बच्चों के नामांकन को निकाली जागरूकता रैली

**घाटशिला।** हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ने की दिशा में "प्रवेशोत्सव" अभियान के तहत घाटशिला प्रखंड में लगातार विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बाकी में बाल कल्याण संघ द्वारा विशेष नामांकन एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक अनंत माझी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मध्याह्न भोजन, पाठ्य सामग्री और अन्य आधारभूत सुविधाएं मिल रही हैं।

## डोमजुड़ी उवि की चहारदीवारी बनाने का निर्देश

**पोटका।** जादूगोड़ा थाना परिसर में थाना दिवस पर गुरुवार को अंचलाधिकारी निकिता बाला की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुखिया अनिता मुर्मू, थाना प्रभारी ईश्वर मुंडा, पंसस जालिम मार्डी व प्रिंसिपल माधुरी कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में डोमजुड़ी उवि की चहारदीवारी तोड़े जाने के संबंध में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चहारदीवारी तोड़ने के आरोपी को 10 दिनों में चहारदीवारी का निर्माण करना होगा, अन्यथा कार्रवाई होगी।

## पं. रघुनाथ मुर्मू की जयंती 1 मई को मनाने का निर्णय

**मुसाबनी।** सुरदा क्रॉसिंग में गुरुवार को सुरेश कुमार हांसदा की अध्यक्षता में फूलो झानो फाउंडेशन की बैठक हुई। बैठक में अगामी 1 मई को संथाली ओलचिकी लिपि के जनक पं. रघुनाथ मुर्मू की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में संस्था के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने पं. रघुनाथ मुर्मू की जयंती सुरदा तालाडीह विद्यालय एवं तेरेंगा मिडिल स्कूल में मनाने पर अपनी सहमति प्रदान की। बैठक में संगीता हांसदा, कौशल्या बास्के, किरण कुमारी किस्कू, सिमरन, सेफाली मार्डी, दीपाली मार्डी मौजूद थे।

### स्क्रैप की गुणवत्ता व धातुकर्म प्रक्रियाओं में आने वाली चुनौतियों पर वक्ताओं ने रखे विचार

# ग्रीन स्टील और कचरा प्रबंधन बनी आज की वैश्विक जरूरत

**जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता।** जमशेदपुर स्थित शावक नानावती तकनीकी संस्थान में 'सस्टेनेबल क्वालिटी स्टीलमेकिंग' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज हुआ है।

टाटा स्टील द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स, सीएसआर-एनएमएल और ऑल इंडिया इंडक्शन फर्नेस एसोसिएशन के सहयोग से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य इस्पात उद्योग के भविष्य को संवारने वाली आधुनिक तकनीकों पर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. संदीप घोष चौधरी, योगेश मंधानी और टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस और इंडक्शन फर्नेस जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल इस्पात उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों ने जोर दिया कि वैश्विक परिदृश्य में अब ग्रीन स्टील और कचरा प्रबंधन की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। टाटा स्टील के उपाध्यक्ष सुबोध पांडे ने चीन जैसे देशों की तकनीकी प्रगति का उल्लेख करते हुए भारत में लागत अनुकूलन और टिकाऊ उत्पादन की आवश्यकता को रेखांकित किया। एआईआईएफए के अध्यक्ष योगेश मंधानी ने प्राथमिक और माध्यमिक इस्पात निर्माताओं के बीच बेहतर तालमेल को उद्योग की मजबूती के लिए अनिवार्य बताया। विशेषज्ञों ने स्क्रैप की गुणवत्ता और धातुकर्म प्रक्रियाओं में आने वाली चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। दो दिनों तक चलने वाले सम्मेलन में फर्नेस टेक्नोलॉजी, संधारणीय विकास, कच्चे माल की गुणवत्ता, धातुकर्म नियंत्रण और डिजिटलीकरण जैसे विषयों पर गहन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।



शावक नानावती तकनीकी संस्थान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मौजूद अतिथि। • हिन्दुस्तान

- टिकाऊ इस्पात निर्माण पर सम्मेलन का आगाज
- शावक नानावती तकनीकी संस्थान में हो रहा आयोजन

# एक्सएलआरआई ने एथिक्स स्पर्धा में जीता शीर्ष पुरस्कार

- 25 मिनट और 10 मिनट की प्रस्तुति में विजेता, 90 सेकंड पिच में रनर-अप
- दुनिया के 7 देशों की 41 यूनिवर्सिटी की 59 टीमों में किया शानदार प्रदर्शन

**जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता।** एक्सएलआरआई ने लॉस एंजिल्स स्थित लोयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित 'इंटरनेशनल बिजनेस एथिक्स एंड सस्टेनेबिलिटी केस कॉम्पिटिशन' में कई शीर्ष पुरस्कार अपने नाम किए हैं।

13 से 17 अप्रैल के बीच हुई प्रतियोगिता में 7 देशों की 41 यूनिवर्सिटी से 59 टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें एक्सएलआरआई की टीम नेक्सस कॉर्पोरेशन ने 25 मिनट और 10 मिनट की प्रस्तुति श्रेणियों में विजेता का खिताब जीता। वहीं, 90 सेकंड की सस्टेनेबिलिटी पिच में रनर-अप का स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त संस्थान की दो अन्य टीमों 'बीई कंसल्टिंग' और 'द क्लाइमेट कॉम्पेंसिटर्स' ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए 25 मिनट की श्रेणी में रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। इन टीमों का चयन और मार्गदर्शन जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स द्वारा किया गया था। इसने 30 से अधिक आंतरिक टीमों में से कड़े परीक्षण के बाद इनका चुनाव किया। छात्रों ने जटिल व्यावसायिक समस्याओं का नैतिक, कानूनी और वित्तीय दृष्टिकोण से सटीक विश्लेषण कर जजों को प्रभावित किया।

## शिक्षा सुधार में नवीन प्रयोगों पर शोध प्रस्तुत

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज के मानगो कैंपस में गुणवत्ता और नवाचार पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का गुरुवार को समापन हुआ। दूसरे दिन की शुरुआत तकनीकी सत्रों से हुई। विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने उच्च शिक्षा में सुधार और नवीन प्रयोगों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए। समापन सत्र में प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने अतिथियों का स्वागत किया। सह-संयोजक डॉ. सत्या झा ने संगोष्ठी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जेएसएचईसी रांची की उप निदेशक डॉ. विभा पांडेय ने झारखंड में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए बड़े स्तर पर वित्तीय सहायता, फेलोशिप और स्कॉलरशिप की घोषणा की।

# सृजन संवाद की 161वीं गोष्ठी में घुमक्कड़ी पर चर्चा

- सतीश जायसवाल, महेश कटारे और संजय शेफर्ड ने सुनाए अनुभव
- सूर्य का जलावतरण और काली धार पुस्तक के लेखक हुए रूबरू

**जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता।** सृजन संवाद की 161वीं गोष्ठी का एक बार फिर ऑनलाइन आयोजन किया गया। साहित्य और कला जगत से जुड़े कई साथियों ने इसमें भाग लिया। पैनल का संचालन वैभव मणि त्रिपाठी ने किया। शुरुआत में डॉ. विजय शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और सत्र की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. प्रियंका सिंह ने वक्ताओं का परिचय कराते हुए बताया कि 80 पार के सतीश जायसवाल की कई किताबें प्रकाशित हैं। दूसरे वक्ता महेश कटारे जाने-माने साहित्यकार हैं। तीसरे वक्ता युवा संजय शेफ़र्ड घुम्मकड़ी के साथ-साथ लेखन करते हैं। वे दुनिया के प्रसिद्ध ब्लॉगरों में शामिल हैं। वैभव मणि त्रिपाठी के प्रश्न का उत्तर देते हुए सतीश जायसवाल ने बताया कि जब वे भारत से बर्मा की सीमा में प्रवेश कर रहे थे, तो मैनार नदी में उन्होंने सूर्यास्त होते देखा और उन्हें लगा सूर्य नदी में स्नान कर रहा है, इसीलिए उन्होंने उत्तर-पूर्व में अपनी यात्रा किताब का नाम दिया सूर्य का जलावतरण।

# इंटर के 18 शिक्षकों व 4 कर्मियों को दी विदाई

**वर्कर्स कॉलेज**

**जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता।** जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद होने के बाद गुरुवार को एक समारोह का आयोजन कर इंटरमीडिएट के 18 शिक्षकों और 4 कर्मचारियों को विदाई दी गई। सभी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि 2009 में इंटरमीडिएट की पढ़ाई अलग होने के बाद से इन शिक्षकों और कर्मचारियों ने महाविद्यालय को नई प्रतिष्ठा दिलाई है। इन शिक्षकों द्वारा शिक्षित विद्यार्थी आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

इंटरमीडिएट इंचार्ज शोभा मुवाल ने कहा कि कॉलेज के हर कार्य को इन लोगों ने समय सीमा के भीतर पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया। उन्होंने स्वीकार किया कि सरकार के निर्णयों के कारण इन अनुभवी साथियों का जाना पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए हृदयविदारक है।

समारोह के दौरान पुष्पा लिंडा, डॉ. नीता सिन्हा सहित जावेद अख्तर अंसारी, रिंकी बंसियार और नवनीत कुमार सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। विदाई पाने वालों में हेड असिस्टेंट मनमोहन गांधी, डॉ. बुद्धेश्वर महतो, गीता गुप्ता, लक्ष्मी हेंब्रम, तजिंद्र कौर, विमला कुमारी, परिमल पती, असफारुल हक, सुमन राय, कविता कुमारी, अफसाना परवीन, डॉ. कुमारी वर्षा रानी, अभिषेक कुमार, रिजवान कमर, नीतीश कुमार, शैशव सरकार, नीरज कुमार और लाली सिंह शामिल थे।



गुरुवार को आयोजित समारोह में वर्कर्स कॉलेज में इंटर के शिक्षकों को दी गई विदाई।

- अनुभवी साथियों का जाना पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए हृदयविदारक : शोभा
- सभी शिक्षकों व कर्मियों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर किया गया सम्मानित

## डीबीएमएस अकादमी में मना पृथ्वी दिवस



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस करियर अकादमी में पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। शुभारंभ भाषण प्रतियोगिता से हुआ।

विद्यार्थियों ने पृथ्वी को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। माय अर्थ, माय ओनली होम विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने हरित भविष्य की सुंदर कल्पना उकेरी। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के माध्यम से कचरे के पुनर्चक्रण का संदेश दिया गया। इसमें देवांशी देवस्मिता, पायल मन्ना और अयंक राज जैसे छात्रों ने अपने उत्कृष्ट कौशल से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही चलाए गए कचरा संग्रह अभियान ने सामूहिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया।

# वीर कुंवर सिंह के बलिदान को किया याद

**जयंती**

**जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह की जयंती पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। जुगसलाई कुंवर चौक पर क्षत्रिय करणी सेना ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और शहरवासियों के बीच लड्डू वितरण कर उनके आदर्शों को साझा किया।

वहीं, बागबेड़ा कॉलोनी स्थित कुंवर सिंह मैदान में झारखंड क्षत्रिय संघ की महिला इकाई ने जिला पार्षद डॉ. कविता परमार के नेतृत्व में स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संजय सिंह, पुष्पा सिंह, संध्या सिंह, झरना मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उधर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने जुगसलाई स्थित कुंवर सिंह चौक पर 1857 के महान क्रांतिकारी वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह ने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में भी वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस दिखाया और कई क्षेत्रों में विजय हासिल की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राजपूत, महेश सिंह, अनिल सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जयंती पर वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समाज के लोग। • हिन्दुस्तान

## बिरसानगर में वैसाखी मेला कल

**जमशेदपुर।** बिरसानगर के कालू बागान में 25 अप्रैल शनिवार को वैसाखी मेला का आयोजन किया जाएगा। दशमेश प्रकाश गुरुद्वारा, बिरसानगर और सिख नौजवान सभा के संयुक्त तत्वावधान में यह मेला आयोजित होगा।

इसमें भांगड़ा-गिद्दा का धमाल, विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और हैरतअंगेज गतका का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम संध्या 6.30 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। बिरसानगर गुरुद्वारा के प्रधान परमजीत सिंह रोशन ने कहा कि वैसाखी मेला को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सन्नी भांगड़ा ग्रुप गिद्दा और भांगड़ा प्रस्तुत करेंगे। वहीं, सिख विरसे को समर्पित कई अन्य प्रस्तुतियां भी पेश की जाएंगी।

# एमसीए रेंजर्स बना चैंपियन, वॉरियर्स को हराया

**क्रिकेट**

**जमशेदपुर, मुख्य संवाददाता।** मास्टर क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित ओवर 40 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे और अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले में एमसीए रेंजर्स ने एमसीए वॉरियर्स को 20 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रेंजर्स ने 19.2 ओवर में 131 रन बनाए। संजय कुमार सिन्हा ने 40 और मनप्रीत सिंह ने 21 रन का योगदान दिया। वॉरियर्स की ओर से विजय कुमार ने 4 विकेट झटके। जवाब में वॉरियर्स की टीम 19.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। अतुल राय ने 32 और विजय कुमार ने 38 रन बनाए। रेंजर्स के अविनाश कुमार ने 4 और पी. साहू ने 3 विकेट लिए। तीसरे स्थान के मैच में एमसीए चैलेंजर्स ने राइडर्स को 20 रन से हराया। पुरुषोत्तम साहू को फाइनल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। वहीं विजय कुमार को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, केवी. श्रीनिवासन को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और भोला प्रसाद सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार मिला।



गुरुवार को क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में पुरस्कृत विजेता टीम के खिलाड़ी।

**बदलाव** | छह महीनों में दर्जन भर बाल विवाह कराने से किया इनकार, जिले में एक साल में 363 बाल विवाह रोके गए

# पंडित जी दक्षिणा लेने की जगह रुकवा रहे बाल विवाह

■ **अन्नू कुमारी**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण इलाकों में बाल विवाह का प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जिसे रोकना बड़ी चुनौती है। सरकार बाल विवाह को रोकने के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। अब इसमें धर्मगुरु भी सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने दान-दक्षिणा की चिंता छोड़कर बाल विवाह रोकने का फैसला लिया है।

पुरोहित सूचना सूचना मिलने के बाद अबतक 12 से अधिक बाल विवाह रुकवा चुके हैं। इसके लिए उन्होंने काउंसिलिंग का भी सहारा लिया। आदर्श सेवा संस्थान और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की साझेदारी में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें धर्मगुरुओं को शामिल किया गया है।

पिछले एक साल में पुरोहितों और पंडितों के सहयोग से कई बाल विवाह रोके गए हैं। यह कार्यक्रम अबतक छह प्रखंडों में शुरू किया गया है। वर्तमान सत्र में 363 विवाह से पहले अभिभावकों से बातचीत की गई और बाल विवाह को रोका गया। इनमें सबसे ज्यादा मामले बहरागोड़ा प्रखंड से हैं। वहां एक साल में 173 बाल विवाह रोके गए।

**कहां से आए कितने मामले**

| | |
|---|---|
| बहरागोड़ा - | 173 |
| धालभूमगढ़ - | 66 |
| गुड़ाबांदा - | 38 |
| चाकुलिया - | 27 |
| घाटशिला - | 29 |
| मुसाबनी - | 22 |
| पोटका - | 8 |
| कुल - | 363 |

"आदर्श सेवा संस्थान और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोग से एक साल से छह प्रखंडों में धर्मगुरुओं के माध्यम से बाल विवाह रोकने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें अच्छा रिस्पॉन्स और सफलता मिली है। आगे इसे अन्य प्रखंडों में भी जल्द शुरू किया जाएगा। **-प्रभा जायसवाल**, सचिव, आदर्श सेवा संस्थान

"मंदिर में शादी के लिए कई परिवार आते हैं। शादी से पहले जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की प्रतिलिपि ली जाती है। कई मामले ऐसे आते हैं, जिसमें बच्चों की उम्र 18 साल से कम हो तो यह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में विवाह संपन्न नहीं कराया जाता। लोगों को जागरूक किया जा रहा है।- **संत पांड्या**, बहरागोड़ा

"बाल विवाह कुरीति है। इसका किसी भी तरह से कोई भी सहयोग संघ नहीं करता। आदर्श सेवा संस्थान और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन से भी धर्म रक्षिणी पुरोहित महासंघ के पुरोहित और आचार्य जुड़े हुए हैं। बाल विवाह का मामला आने पर संघ के पुरोहित और आचार्य बहिष्कार करते हैं। सभी को बैठक में बोला गया है कि कोई भी ऐसा मामला आने पर नजदीकी थाना या फिर आदर्श सेवा संस्थान में तुरंत संपर्क किया जाता है। **-बिपिन झा**, अध्यक्ष, धर्म रक्षिणी पौरोहित्य महासंघ


बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

**आस्ति वसूली शाखा (ARB) जमशेदपुर**
प्रसिद्ध टावर, टाटा कांड्रा मेन रोड, आदित्यपुर, जमशेदपुर, जिला – सरायकेला-खरसावाँ
ई–मेल : ARB.Jamshedpur@bankofindia.bank.in

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
ई–नीलामी की तिथि : 26.05.2026

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाता है के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद द्वारा जन साधारण को सामान्यत: एवं ऋणियों तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न वर्णित बंधक / प्रभारित सम्पत्तियों जो **बैंक ऑफ इंडिया** सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी ने सांकेतिक कब्जे में लिया है, इसकी "ई–नीलामी" द्वारा "जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है" के आधार पर **बैंक ऑफ इंडिया** सुरक्षित ऋणदाता की बकाया राशि वसुली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। सम्पत्तियों का विवरण, आरक्षित मूल्य एवं अग्रधन जमा राशि (EMD) का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | (ए) सुरक्षित ऋणदाता का नाम एवं पता (बी) ऋणकर्ता / जमानतदार का नाम एवं पता | अचल सम्पत्तियों का विवरण | बकाया राशि | 1. आरक्षित मूल्य 2. अग्रधन जमा राशि (EMD) 3. बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (ए) बैंक ऑफ इंडिया, आस्ति वसूली शाखा जमशेदपुर (बी) श्री पटनाला दीपक अचारी फ्लैट संख्या 1 एवं 2, पाँचवा तल्ला, पूनम अपार्टमेंट, जोजोबेड़ा, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड – 831016 सम्पत्ति धारक: श्री पटनाला दीपक अचारी मौजा–गदड़ा, थाना संख्या – 1191, थाना–परसुडीह, हल्का नंबर–1, नया प्लॉट संख्या 2067, नया खाता संख्या 49, जमशेदपुर, जिला–पूर्वी सिंहभूम. | मौजा – गदड़ा, थाना – परसुडीह, थाना संख्या 1191, हल्का नंबर 1 में स्थित 4 कट्ठा यानी 6.61 डिसमिल या 2880 वर्ग फीट क्षेत्रफल वाली आवासीय खाली जमीन का वह टुकड़ा और पार्सल, जो नए प्लॉट संख्या 2067 का भाग, नए खाता संख्या 49 के तहत जिला उप–पंजीयन कार्यालय जमशेदपुर, जिला – पूर्वी सिंहभूम के भीतर दर्ज है। **डीड के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी: उत्तर** – प्लॉट संख्या 2065, **दक्षिण** – प्लॉट संख्या 2067 (भाग), **पूर्व** – नाला, **पश्चिम** – 14' फीट रास्ता. **संपत्ति की वास्तविक चौहद्दी: उत्तर** – प्लॉट संख्या 2065 (खाली प्लॉट), **दक्षिण** – प्लॉट संख्या 2067 (भाग) (खाली प्लॉट), **पूर्व** – नाला, **पश्चिम** – 14 फीट प्रस्तावित रास्ता. | रू. 14,46,984.00 (रुपये चौदह लाख छियालीस हजार नौ सौ चौरासी मात्र) एवं देय ब्याज तथा बैंक को देय अन्य खर्च | 1. आरक्षित मूल्य रू. 16,86,000.00 2. अग्रधन जमा राशि रू. 1,68,600.00 3. बोली वृद्धि राशि रू. 10,000.00 |

**नीलामी ऑनलाइन पोर्टल https://www.baanknet.in के माध्यम से होगी**
**ई–नीलामी की तिथि और समय : दिनांक 26.05.2026, समय : सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 10 मिनट असीमित समय विस्तार के साथ**
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 25.05.2026, शाम 5:00 बजे तक, संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय : शाखा अधिकारियों से परामर्श लेने के बाद दिनांक 25.05.2026 को या उससे पहले

**नियम एवं शर्तें : 1.** बिक्री की विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर दिए गए लिंक **https://www.bankofindia.bank.in** और **https://www.baanknet.in** को देखें। **2.** सफल बोलीदाता को बिक्री राशि का 25% राशि (EMD जमा राशि को जोड़कर) तुरंत उसके पक्ष में बिक्री स्वीकृत होने पर जमा करना होगा। शेष 75% राशि 15 दिनों के अंदर जमा करनी होगी, अगर इस दौरान वह राशि जमा करने में असमर्थ होता है तो बिक्री रद्द हो जायेगी और उसके द्वारा जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।
अधिक जानकारी के लिए कृपया सम्पर्क करें : **बीओआई ARB जमशेदपुर : श्री संजीव कुमार** – मोबाईल नंबर 7979969734, **श्री राजेश कुमार सिंह** – मोबाईल नंबर 9060673719.

**नोट : यह ऋणी और जमानतदारों के लिए भी एक सूचना है।**

दिनांक : 23.04.2026
स्थान : जमशेदपुर

नोट : त्रुटि / विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

ह०/– प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया